# पाठ – 1 सत्ता की साझेदारी

## प्रश्नावली

### Q1. आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी के अलग - अलग तरीके क्या है? इनमें से प्रत्येक का एक उदाहरण भी दे |

**उत्तर :** आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी के अलग - अलग तरीके निम्नलिखित हैं –

I. शासन के विभिन्न अंग, जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता का बँटवारा - शासन के विभिन्न अंगो के बीच सत्ता के बँटवारे को सत्ता का क्षैतिज वितरण कहते हैं क्योंकि इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी शक्ति का उपयोग कर सकते हैं| ऐसे बँटवारे में विभिन्न संस्थाओं के बीच सत्ता का संतुलन बनता हैं | इस प्रकार की व्यवस्था का उदाहरण भारत व अमेरिका हैं |

II. सरकार के बीच विभिन्न स्तरों पर सत्ता का बँटवारा - इस प्रकार के बँटवारे में पुरे देश के लिए एक सामान्य सरकार रहती हैं जिसे संघ या केंद्र सरकार कहते हैं| प्रान्त या क्षेत्रीय स्तर पर अलग सरकार रहती है जिसे भारत में राज्य सरकार कहते हैं | राज्य सरकार से नीचे के स्तर पर भी नगरपालिका और पंचायते होती हैं| इस प्रकार के बँटवारे को ऊर्ध्वाधर वितरण भी कहते हैं |

III. विभिन्न सामाजिक समूहों, भाषायी और धार्मिक समूहों के बीच सत्ता का बँटवारा - इस तरह की व्यवस्था विधायिका और प्रशासन में अलग - अलग सामाजिक समूहों को हिस्सेदारी देने के लिए की जाती है| बेल्जियम में सामुदायिक सरकार इसका उदाहरण हैं |

IV. विभिन्न प्रकार के दबाव समूहों और आंदोलनों के रूप में सत्ता का बँटवारा - समकालीन लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में विभिन्न पार्टियों के रूप में यह विकल्प होता है | पार्टियाँ सत्ता के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करती हैं | सत्ता बारी-बारी से अलग-अलग विचारधारा और सामाजिक समूहों वाली पार्टियों के हाथ आती जाती रहती है |अमेरिका इसका उदाहरण है |

### Q2. भारतीय सन्दर्भ में सत्ता की भागीदारी का एक उदाहरण देते हुए इसका युक्तिपरक और एक नैतिक कारण बताएँ |

**उत्तर :** युक्तिपरक कारण - सत्ता का बँटवारा ही उचित निर्णय है| सरकार अपने स्तर पर निर्णय ले सकती है इससे सामाजिक समूहों में झगड़े का अंदेशा भी कम हो जाता हैं | अल्पसंखयकों के लिए आरक्षण का निर्णय भी उचित था | युक्तिपरक या समझदारी का तर्क लाभकर परिणामों पर जोर देता हैं | नैतिक कारण - सत्ता का बँटवारा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए ठीक हैं | लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी समूह के लोग सरकार से जुड़ते है और अपनी भागीदारी देते हैं | नैतिक तर्क सत्ता के बँटवारे के अंतर्भूत महत्व को बताता हैं |

**Q3. इस अध्याय को पढ़ने के बाद तीन छात्रों ने अलग - अलग निष्कर्ष निकाले | आप इनमे से किससे सहमत हैं और क्यों? अपना जवाब करीब 50 शब्दों में दे | थम्मन - जिन समाजों में क्षेत्रीय, भाषायी और जातीय आधार पर विभाजन हो सिर्फ वही सत्ता की साझेदारी जरुरी हैं | मथाई - सत्ता की साझेदारी सिर्फ ऐसे बड़े देशों के लिए उपयुक्त हैं जहाँ क्षेत्रीय विभाजन मौजूद होते हैं | औसेफ - हर समाज में सत्ता की साझेदारी की जरुरत होती है भले ही वह छोटा हो या उसमे सामाजिक विभाजन न हो |**

**उत्तर :** औसेफ का कथन सबसे तर्कसंगत है, और इस पर सहमति होनी चाहिए। सत्ता की साझेदारी न केवल समाज में विभिन्न समूहों के बीच संघर्ष को रोकती है बल्कि यह नागरिकों में समझदारी की भावना पैदा करती है। निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोग सरकार से अधिक संतुष्ट होंगे।

**Q4. बेल्जियम में ब्रुसेल्स के निकट स्थित शहर मर्चेटम के मेयर ने अपने यहाँ के स्कूलों में फ्रेंच बोलने पर लगी रोक को सही बताया है। उन्होंने कहा कि इससे डच भाषा न बोलने वाले लोगों को इस फ्लेमिश शहर के लोगो से जुड़ने में मदद मिलेगी। क्या आपको लगता है कि यह फैसला बेल्जियम की सत्ता की साझेदारी की व्यवस्था की मूल भावना से मेल खाता है? अपना जवाब करीब 50 शब्दों में लिखे।**

**उत्तर :** फ्रेंच बोलने पर लगी रोक बेल्जियम की सत्ता की साझेदारी की व्यवस्था की मूल भावना से मेल नहीं खाती | सत्ता की साझेदारी की व्यवस्था में सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त होते हैं | अतः शहर के स्कूलों में भी दोनों भाषाओं को मान्यता मिलनी चाहिए |

**Q5. नीचे दिए गए उद्धरण को गौर से पढ़ें और इसमें सत्ता की साझेदारी के जो युक्तिपरक कारण बताए गए हैं उनमे से किसी एक का चुनाव करें | "महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने और अपने संविधान के निर्माताओं की उम्मीदों को पूरा करने के लिए हमें पंचायतों को अधिकार देने की जरूरत है। पंचायती राज ही वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना करता है। यह सत्ता उन लोगों के हाथों में सौंपता है, जिनके हाथों में इसे होना चाहिए । भ्रष्टाचार कम करने और प्रशासनिक कुशलता को बढ़ाने का एक उपाय पंचायतों को अधिकार देना भी है | जब विकास की योजनाओं को बनाने और लागू करने में लोगो की भागीदारी होगी तो इन योजनाओं पर उनका नियंत्रण बढ़ेगा | इससे भ्रष्ट बिचौलियों को खत्म किया जा सकेगा |इस प्रकार पंचायती राज लोकतंत्र की नींव को मजबूत करेगा।"**

**उत्तर :** जब लोग विकास की योजनाओं को बनाने और लागू करने में भाग लेते हैं, तो वे स्वाभाविक रूप से इन योजनाओं पर अधिक नियंत्रण रखेंगे। इससे भ्रष्ट लोगों का सफाया होगा, और इसके लिए पंचायतों को अधिकार देने होंगे |

**Q6. सत्ता के बँटवारे के पक्ष और विपक्ष में कई तरह के तर्क दिए जाते है | इनमे से जो तर्क सत्ता के बँटवारे के पक्ष में है उनकी पहचान करें और नीचे दिए गए कोड से अपने उत्तर का चुनाव करे | सत्ता की साझेदारी :**

**(क) विभिन्न समुदायों के बीच टकराव को कम करती हैं |**

**(ख) पक्षपात का अंदेशा कम करती हैं |**

**(ग) निर्णय लेने की प्रक्रिया को अटका देती हैं |**

**(घ) विविधताओं को अपने मे समेट लेती हैं |**

**(ड़) अस्थिरता और आपसी फूट को बढ़ाती हैं |**

**(च) सत्ता में लोगों की भागीदारी बढ़ाती हैं |**

**(छ) देश की एकता को कमजोर करती हैं |**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (सा) | क | ख | घ | च |
| (रे) | क | ग | ड़ | च |
| (गा) | क | ख | घ | छ |
| (मा) | ख | ग | घ | छ |

**उत्तर :** (सा) क ख घ च

**Q7. बेल्जियम और श्रीलंका की सत्ता में साझीदारी की व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित बयानों पर विचार करे :**
**(क) बेल्जियम में डच - भाषी बहुसंख्यकों ने फ्रेंच - भाषी अल्पसंख्यको पर अपना प्रभुत्व ज़माने का प्रयास किया |**

**(ख) सरकार की नीतियों ने सिंहली - भाषी बहुसंख्यकों का प्रभुत्व बनाये रखने का प्रयास किया |**

**(ग) अपनी संस्कृति और भाषा को बचाने तथा शिक्षा तथा रोजगार में समानता के अवसर के लिए श्रीलंका के तमिलों ने सत्ता को संघीय ढाँचे पर बाँटने की माँग की |**

**(घ) बेल्जियम में एकात्मक सरकार की जगह संघीय शासन व्यवस्था लाकर मुल्क को भाषा के आधार पर टूटने से बचा लिया गया | ऊपर दिए गए बयानों में से कौन - से सही हैं ?**

**(सा) क, ख, ग और घ (रे) क, ख और घ**

**(गा) ग और घ (मा) ख, ग और घ**

**उत्तर :** (मा) ख, ग और घ

**Q8. सूची I [ सत्ता के बँटवारे के स्वरुप ] और सूची II [ शासन के स्वरुप ] में मेल कराएँ और नीचे दिए गए कोड का उपयोग करते हुए सही जवाब दे :**

| | सूची I | सूची II |
|---|---|---|
| 1. | सरकार के विभिन्न अंगो के बीच सत्ता का बँटवारा | (क) सामुदायिक सरकार |
| 2. | विभिन्न स्तर की सरकारों के बीच अधिकारों का बँटवारा | (ख) अधिकारों का वितरण |
| 3. | विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता की साझेदारी | (ग) गठबंधन सरकार |
| 4. | दो या अधिक दलों के बीच सत्ता की साझेदारी | (घ) संघीय सरकार |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (सा) | घ | क | ख | ग |
| (रे) | ख | ग | घ | क |
| (गा) | ख | घ | क | ग |
| (मा) | ग | घ | क | ख |

**उत्तर :** (गा) ख घ क ग

**Q9. सत्ता की साझेदारी के बारे में निम्नलिखित दो बयानों पर गौर करे और नीचे दिए गए कोड के आधार पर जवाब दे :(अ) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र के लिए लाभकर हैं | (ब) इससे सामाजिक**

**समूहों में टकराव का अंदेशा घटता हैं | इस बयानों में कौन सही हैं और कौन गलत ? (क) अ सही है लेकिन ब गलत हैं | (ख) अ और ब दोनों सही हैं | (ग) अ और ब दोनों गलत हैं | (घ) अ गलत है लेकिन ब सही हैं |**

**उत्तर :** (ख) अ और ब दोनों सही हैं |